# गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिंदगी भजन लिरिक्स

गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिंदगी,
बाकी जितनी बची वो गुजर जाएगी,
हौंसला है मुझे इक तेरा सांवरे,
मेरी कश्ती तूफानों में तर जाएगी,
गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिन्दगी,
बाकी जितनी बची वो गुजर जाएगी।bd।

तर्ज – आज कल याद कुछ।

---

मैं भला हूँ बुरा हूँ प्रभु जैसा हूँ,
जैसा तुमने बनाया प्रभु वैसा हूँ,
तेरे रंगो में इतनी है ताकत प्रभु,
सुनी तस्वीर रंगो से भर जाएगी,
गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिन्दगी,
बाकी जितनी बची वो गुजर जाएगी।bd।

---

मेरे कर्मो पे रखना प्रभु तुम नजर,
पाप मुझमे ना हो सांवरे उम्र भर,
तेरी छतरी के निचे रहूंगा अगर,
दु:ख की बारिश भी आई गुजर जाएगी,
गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिन्दगी,
बाकी जितनी बची वो गुजर जाएगी।bd।

---

मेरी भूलो को तुमने भुलाया सदा,
अपने चरणों से मुझको लगाया सदा,
नाम तेरा प्रभु मेरी पहचान हो,
मेरे बच्चो की किस्मत संवर जायेगी,
गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिन्दगी,
बाकी जितनी बची वो गुजर जाएगी।bd।

---

उन पलों का करू मैं सदा शुक्रियां,
तूने बाबा मुझे जब शरण में लिया,
'रोमी' भूले ना रहमत तेरी सांवरे,
ज्यादा बोलूंगा आंखे ये भर जाएगी,
गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिन्दगी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिंदगी,
बाकी जितनी बची वो गुजर जाएगी,
हौंसला है मुझे इक तेरा सांवरे,
मेरी कश्ती तूफानों में तर जाएगी,
गुजरी तेरी कृपा से प्रभु जिन्दगी,
बाकी जितनी बची वो गुजर जाएगी।bd।

**Singer – Sanjay Parik Ji**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com